Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:06 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:02 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 89 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 24 सितम्बर 2026

ट्रोलिंग पर भड़कीं परिणीति चोपड़ा...पेज-3 पर

## रिपोर्ट: सात साल में साइबर ठगी की 10,597 शिकायतें

न

सलीम खान, हल्द्वानी

मोबाइल और इंटरनेट की दुनिया जितनी तेजी से लोगों की जिंदगी का हिस्सा बनी, साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतों का आंकड़ा भी उसी रफ्तार से बढ़ता दिखाई दे रहा है। नैनीताल जिले में साइबर पुलिस पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायतों का वर्षवार रिकॉर्ड इसकी तस्वीर सामने रखता है। आरटीआई के तहत मिली सूचना के मुताबिक 2019 से जुलाई 2026 तक जिले में 10,597 ऑनलाइन साइबर शिकायतें दर्ज हुईं, जबकि इनमें 261 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई। यह जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट हेमंत सिंह गौनिया द्वारा 30 जुलाई 2026 को मांगी गई सूचना के जवाब में अपर पुलिस अधीक्षक/लोक सूचना अधिकारी, हल्द्वानी कार्यालय की ओर से उपलब्ध कराई गई है।



पुलिस विभाग से मिले वर्षवार आंकड़े साइबर शिकायतों में लगातार बढ़ोतरी की तस्वीर पेश करते हैं। वर्ष 2019 में 24 ऑनलाइन शिकायतें मिलीं, जिनमें एक मामले में एफआईआर दर्ज हुई। इसके बाद 2020 में शिकायतों का आंकड़ा बढ़कर 383 हो गया और दो मामलों में एफआईआर हुई।

### शिकायत पोर्टल से थाने तक पहुंचती है सूचना

आरटीआई के जवाब में पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि साइबर पुलिस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को अग्रिम कार्रवाई के लिए संबंधित थानों को भेजा जाता है। शिकायत पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जिम्मेदारी संबंधित सक्षम अधिकारी की होती है।

वर्ष 2021 में 484 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें 23 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई। 2022 में शिकायतों की संख्या तेजी से बढ़कर 1,238 पहुंच गई, जबकि 16 मामलों में एफआईआर दर्ज हुई। वर्ष 2023 में साइबर अपराध से संबंधित 1,642 ऑनलाइन शिकायतें पुलिस पोर्टल पर पहुंचीं। इनमें 31 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई। वर्ष 2024 में शिकायतों का आंकड़ा और बढ़ा और 2,269 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें 50 मामलों में एफआईआर हुई। वर्ष 2025 में 2,192 ऑनलाइन शिकायतें दर्ज होने की जानकारी दी गई है। इनमें 72 मामलों में एफआईआर दर्ज हुई, जबकि 88 शिकायतें लंबित दर्शाई गई हैं।

साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतों में सबसे बड़ा आंकड़ा वर्ष 2026 में सामने आया। जुलाई तक ही साइबर पुलिस पोर्टल पर 2,365 ऑनलाइन शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें 66 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई, जबकि 833 शिकायतें लंबित दर्शाई गई हैं। उपलब्ध वर्षवार आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 की 88 और जुलाई 2026 तक की 833 लंबित शिकायतों को मिलाकर 921 शिकायतें लंबित दर्शाई गई हैं।

आंकड़ों पर नजर डालें तो 2019 में महज 24 ऑनलाइन शिकायतों से शुरू हुआ सिलसिला जुलाई 2026 तक 2,365 शिकायतों तक पहुंच चुका है। यह वर्षवार रिकॉर्ड नैनीताल जिले में साइबर अपराध से जुड़ी ऑनलाइन शिकायतों और उन पर दर्ज एफआईआर की स्थिति को सामने रखता है। आरटीआई एक्टिविस्ट हेमंत सिंह गौनिया ने जनहित में यह सूचना मांगी थी, जिसके जवाब में पुलिस विभाग ने वर्षवार विवरण उपलब्ध कराया।

## News कॉर्नर

### मेले में बड़ा हादसा: झूला टूटा...युवक के पैरों में फ्रैक्चर एक महिला भी घायल

**अल्मोड़ा।** नगर के एडम्स इंटर कॉलेज मैदान में चल रहे नंदा देवी मेले में बुधवार देर रात झूला टूटने से युवक और महिला घायल हो गए। झूले का एक हिस्सा अचानक टूटने से युवक नीचे गिर गया। हादसे में उसके दोनों पैरों में फ्रैक्चर होने की जानकारी है, जबकि महिला को भी चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार झूले में तकनीकी खराबी आने के बाद उसका एक हिस्सा टूट गया। युवक के नीचे गिरने से मेला क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। हादसे की सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। प्रशासन ने झूले को सील कर दिया है। झूला संचालक से लाइसेंस और फिटनेस प्रमाणपत्र मांगे गए हैं। झूले की सुरक्षा व्यवस्था और तकनीकी स्थिति की जांच की जा रही है।

### कर्णप्रयाग-नैनीताल हाईवे पर पहाड़ी खिसकी, बाल-बाल बचे

**चमोली।** कर्णप्रयाग-नैनीताल हाईवे पर बैनीताल जाने वाले मार्ग के समीप सिरोली के पास बृहस्पतिवार सुबह बड़ा भूस्खलन हो गया।

सुबह लगभग 7:55 बजे पहाड़ी से अचानक भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर सड़क पर आ गिरे, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। मार्ग बंद होने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। दैनिक यात्रियों, पर्यटकों और स्कूली बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सूचना मिलते ही संबंधित विभाग की टीम जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर पहुंची और मार्ग से मलबा हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही यातायात सुचारु कर दिया जाएगा। प्रशासन ने यात्रियों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

ग्रेटर नोएडा में दर्दनाक हादसे में कई घायल

## एक्सप्रेस-वे पर बस में लगी आग, नौ यात्रियों की मौत

नई दिल्ली

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर नोएडा से महोबा जा रही एक डबल-डेकर बस में यमुना एक्सप्रेसवे पर आग लग गई। बस में 30 से ज्यादा यात्री सवार थे। नौ यात्री जिंदा जल गए। इस घटना ने बस की सुरक्षा को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं, हादसे पर सीएम योगी ने भी संज्ञान लिया है। राष्ट्रपति ने भी हादसे पर दुख जताया है।



गौतमबुद्धनगर जिले के ग्रेटर नोएडा में दर्दनाक हादसा हुआ है। यमुना एक्सप्रेसवे पर जेवर एयरपोर्ट के पास बुधवार देर रात चलती टूरिस्ट बस में अचानक आग लग गई। हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पुलिस जांच में जुटी है। हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। जानकारी के अनुसार, हादसा रात करीब 12 बजे हुआ। बस नोएडा से करीब 34 किलोमीटर आगे पहुंची थी, तभी उसमें आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने का पता चलते ही कुछ यात्रियों ने बस से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। कुछ ही देर में आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। कई लोग बस के अंदर ही फंसे रह गए। भीषण आग की चपेट में आने से नौ यात्री जिंदा जल गए। जबकि कई घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस को धू-धूकर जलता देख एक्सप्रेसवे से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों में भी हड़कंप मच गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें बस आग की लपटों से घिरी नजर आ रही है।

सूचना मिलने पर जेवर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस के अनुसार, पुलिस ने बताया कि बस में आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। मामले की जांच की जा रही है। यात्री सुनील कुमार पुत्र बद्रीप्रसाद, निवासी मोहल्ला खुशीपुरा, थाना राठ, जिला हमीरपुर ने मामले में एफआईआर दर्ज कराई है।

## बिजली कटौती से हल्द्वानी बेहाल, 30 सितंबर तक अलग-अलग इलाकों में रहेगा शटडाउन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर में बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के नाम पर अब कई इलाकों में लोगों को घंटों बिजली कटौती झेलनी पड़ेगी। ऊर्जा निगम ने एचटी लाइन, एबी केबल और अन्य विद्युत लाइनों के मरम्मत व रखरखाव के लिए अलग-अलग फीडरों पर शटडाउन का कार्यक्रम जारी किया है। इसके तहत 30 सितंबर तक विभिन्न क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।



**कटौती**

- एचटी लाइन और एबी केबल बदलने का चलेगा काम

23 और 24 सितंबर को बरेली रोड फीडर से जुड़े बरेली रोड, धर्मपुरा, मंगल पड़ाव, गली नंबर-1 से 11, मेडिकल कॉलेज और हिमालय फार्म क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

रामपुर रोड फीडर के अंतर्गत रामपुर रोड, शीशमहल, हीरा नगर, जेल, नीलकंठ अस्पताल और महिला अस्पताल क्षेत्र में भी निर्धारित समय पर बिजली बंद रहेगी।

25 और 26 सितंबर को बाजार फीडर के तहत बद्रीपुरा, ऑफिसर कॉलोनी, आनंद बाग, तहसील, सरस मार्केट, बाजार क्षेत्र और मल्ला गोरखपुर में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं काठगोदाम रोड फीडर से जुड़े कालाढूंगी रोड, बद्रीपुरा, पांडे निवास, कैनाल कॉलोनी, पंत कॉलोनी, सतीश कॉलोनी, संजय कॉलोनी और मुखानी क्षेत्र में भी कटौती रहेगी। 30 सितंबर को गांधी नगर फीडर में शटडाउन प्रस्तावित है। इस दौरान आंबेडकर नगर, गांधी नगर, लाइन नंबर-8 और 16 तथा मंगल पड़ाव क्षेत्र की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। ऊर्जा निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार ने उपभोक्ताओं से निर्धारित अवधि में सहयोग की अपील की है। निगम के मुताबिक मरम्मत और रखरखाव का काम पूरा होते ही संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## रेलवे स्टेशन पर पर्स झपटा, पुलिस ने दो शातिरों को दबोचा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

रेलवे स्टेशन के पास राहगीर का पर्स झपटकर भागे दो युवकों की करतूत ज्यादा देर नहीं छिप सकी। बनभूलपुरा पुलिस ने तेजी दिखाते हुए दोनों आरोपियों को वोल्गा होटल के पास दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों के कब्जे से छीना गया पर्स और उसमें रखी नगदी व अन्य सामान भी बरामद कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम लूँगड़, थाना खनस्यु निवासी जय सिंह मेहता ने बनभूलपुरा कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि रेलवे स्टेशन के पास दो अज्ञात युवकों ने उनका पर्स छीन लिया। पर्स में 2200 रुपये नकद समेत अन्य सामान रखा था। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज किया। प्रकरण के खुलासे के लिए प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश और जांच शुरू की। इसी दौरान वोल्गा होटल के पास दोनों संदिग्ध पुलिस के हत्थे चढ़ गए। गिरफ्तार आरोपियों ने अपने नाम तनुज उर्फ रौनक उर्फ नोना और अभय सिंह , निवासी कुष्ठ आश्रम के पास, वार्ड नंबर-12 राजपुरा, के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों को बरामद माल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। पुलिस टीम में कार्रवाई में उपनिरीक्षक मनोज यादव, हेड कांस्टेबल गुरमेज सिंह और कांस्टेबल मोहम्मद अतहर शामिल रहे।

## कल दून आएंगे भाजपा के नए प्रदेश प्रभारी, सह-प्रभारी

**देहरादून।** भाजपा के नए प्रदेश प्रभारी राम माधव, सह प्रभारी अरविंद मेनन और बांसुरी स्वराज 25 सितंबर को देहरादून पहुंचेंगे। यहां कोर कमेटी की बैठक में शामिल होंगे। इसके लिए प्रदेश संगठन ने तीनों नेताओं को सूचना दे दी है।

प्रदेश में 25 नवंबर को खाली होने जा रही राज्यसभा सीट पर चुनाव की अधिसूचना जारी हो चुकी है। भाजपा ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। 25 सितंबर को कोर कमेटी की बैठक होने जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बताया कि तीनों नेताओं को सूचना दे दी गई है। कोर कमेटी की बैठक में सभी शामिल होंगे। बैठक में राज्यसभा प्रत्याशी के तीन नामों का पैनल तय किया जाएगा। यह राष्ट्रीय नेतृत्व को भेजा जाएगा। पार्टी अपने प्रभारी, सह-प्रभारी के स्वागत की तैयारी में भी जुट गई है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्राले की भिड़ंत, दो महिलाओं सहित चार मरे

हरियाणा

एजेंसी

सिरसा में गांव मल्लेका के पास दर्दनाक हादसा हो गया। इस दुर्घटना में दो महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, ट्राले की टक्कर के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई।

गांव मल्लेका के पास गुरुवार को सुबह करीब 8:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।, जबकि करीब 30 मजदूर घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ऑटू हेड से नरमा चुनाई के लिए मजदूरों को लेकर पंजाब हेड की ओर जा रही थी। इसी दौरान सिरसा की तरफ से आ रहे एक ट्राले की ट्रॉली से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। बताया जा रहा है कि ट्रॉली में करीब 30 मजदूर सवार थे। हादसे में दो महिला मजदूरों सहित चार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई मजदूर घायल हो गए। हादसे के दौरान मल्लेका की ओर से ऐलनाबाद की तरफ आ रहा एक मोटरसाइकिल सवार युवक भी ट्राले की चपेट में आ गया। ट्राला पलटने से युवक उसके नीचे दब गया और उसकी भी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को उपचार के लिए सिरसा ले जाया गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा मृतकों की पहचान और हादसे के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है। हादसे के बाद सड़क पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।



# ज्योलीकोट में जल जनित बीमारी प्रकरणः युवक की हुई मौत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल विकास खंड के तहत ज्योलीकोट तथा आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में जल जनित बीमारी से लोगों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, तीन मौतों के बाद एक बार फिर क्षेत्र के एक युवक की मौत से हड़कंप मच गया है। युवक की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं।

बता दें नैनीताल के समीपवर्ती कैलाखान निवासी अमन सोनकर (26) ज्योलीकोट क्षेत्र में ठेकेदार के साथ रहकर मजदूरी करता था। परिजनों की मानें तो रक्षाबंधन पर घर आने के बाद उसे बुखार की शिकायत हुई थी। इसके बाद उसने ज्योलीकोट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। बाद में उसकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई और उसकी मौत हो गई।परिजनों का आरोप है कि समय पर समुचित उपचार नहीं मिलने के कारण अमन की हालत गंभीर होती गई। दूसरी ओर मामले में जिले की सीएमओ डा.रश्मि पंत का कहना है कि 19 सितंबर को युवक ने ज्योलीकोट पीएचसी में दिखाया था। जहां उसका इलाज किया गया। जिसके बाद वह ठीक हो गया था। वह मंगलवार की शाम को बीडी पांडे अस्पताल नैनीताल पहुंचा था। जहां डॉ. नेहा ने प्राथमिक उपचार किया गया। युवक की रिपोर्ट में डाकटर ने ऐल्कॉहॉलिक विथड्रॉल एंड्यूज डेलिरियम लिखा हुआ है। जिसके बाद युवक को सुशीला तिवारी भेजा गया था। जहां हालत गंभीर होने के कारण युवक की मौत हो गई।



## दर्जनों की जांच,दो लोग हुए भर्ती

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले की सीएमओ डॉ. रश्मि पंत के निर्देश पर ज्योलिकोट जल जनित रोग प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के साथ जनजागरूकता गतिविधियों को भी लगातार संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में बुधवार को चोपड़ा में 24, ज्योली में 14 तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट में 27 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आवश्यकतानुसार दवाइयां वितरित की गई। इस दौरान 20 बलड टेस्ट किए गए जबकि 93 लोगों की काउंसलिंग की गई तथा 2 लोगों को उपचार के लिए भर्ती किया गया। डा.पंत के मुताबिक प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर एवं निगरानी गतिविधियां लगातार जारी रहेंगी। उन्होंने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीमों के माध्यम से ज्योलिकोट प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं संबंधित स्टाफ को सुरक्षित पेयजल, हाथों की स्वच्छता, भोजन की स्वच्छता, जलजनित रोगों के लक्षणए बचाव के उपाय तथा समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के संबंध में जागरूक किया जाएगा।



## हाईकोर्ट ने किया जनहित याचिका को निस्तारित

**नैनीताल** । हाईकोर्ट ने राज्य पुलिस विभाग द्वारा दर्ज मुकदमों की शिकायतों से जुड़ा सार्वजनिक पोर्टल बंद किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मुखय न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए जनहित याचिका को निस्तारित कर दिया। मामले में बुधवार को पुलिस विभाग की टेनिकल टीम कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश हुई उनके द्वारा कहा गया कि उनके द्वारा दर्ज मुकदमे की एफ आईआर को सिटीजन और देव भूमिएप में देखा जा सकता है, मोबाईल पर देखने के लिए एनरोइड फ ोन होना चाहिए एप्पल फोन पर इसे नही देखा जा सकता, इसके लिए देव भूमि एप्प को पहले लोड करना होगा उसे लाग इन करके मांगी गयी समस्त विवरणों को भरना है, अंत में अपनी सेल्फी लेकर फोटो को भी अपलोड करना है उसके बाद एफ आईआर को देखा और उसको अपलोड किया जा सकता है। उपस्थित अधिकारियो ने इसका डेमो करके कोर्ट को दिखाया गया, पिछली तिथि को कोर्ट ने पुलिस विभाग से पूछा था कि इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय के दिशा.निर्देशों का अनुपालन क्यों नहीं किया जा रहा है।



## नैनीताल की तीन खिलाड़ी राष्ट्रीय फुटबाल प्रतियोगिता हेतु चयनित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित सैंट मैरीज कॉन्वेंट कॉलेज की तीन छात्राओं कृतिका दर्मवाल, कोमल महारा व अनुष्का नेगी का चयन गोरखपुर में होने वाले राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता हेतु हो गया है।

बता दें यह तीनों मेधावी खिलाड़ी से 24 से 26 सितंबर 2026 तक गोरखपुर सैंट जोसेफ कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। छात्राओं के इस कामयाबी पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर टॉमसी, मैनेजर सिस्टर जॉसलिन व समस्त शिक्षिकाओं, अभिभावकों व फुटबॉल कोच भूपेंद्र सिंह रावत ने तीनों खिलाड़ियों को बधाई दी है और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। ये छात्राएँ राष्ट्रीय स्तर फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग लेने के लिए गोरखपुर को रवाना हो गई हैं।

## 50 वर्ष से अधिक रामलीला समितियों को मिले आर्थिक सहायताःपडियार

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के भाजपाईयों के शिष्टमंडल ने युवा भाजपा नेता व कुविवि कार्य परिषद के सदस्य अरविन्द सिंह पडियार के नेतृत्व में सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। इस दौरान शिष्टमंडल में सूबे की 50 वर्ष से अधिक रामलीला समितियों को प्रतिवर्ष आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की मांग की। मामले को लेकर सीएम को ज्ञापन भी सौपा गया।

शिष्टमंडल ने कहा कि रामलीला समितियों को हर वर्ष कम से कम 50 हजार रुपएं की आर्थिक सहायता मुहैया करानी जानी बेहद जरुरी है। उन्होंने कहा कि इस आर्थिक सहायता से सूबे की ऐतिहासिक व पारंपरिक रामलीला समितियों को प्रोत्साहन मिलेगा साथ ही समृद्ध धार्मिक, सांस्कृतिक लोक परंपराओं के संरक्षण व संवर्धन में महत्तवपूर्ण मदद मिलेगी।

शिष्टमंडल में दर्जा मंत्री शांति मेहरा, दिनेश आर्या,आनंद सिंह बिष्ट, खजान सिंह डंगवाल,मधु बिष्ट,संतोष कुमार,भूपेंद्र सिंह बिष्ट तथा मुकेश साह आदि शामिल थे।



## NEWS / फटाफट

### वीर माधो सिंह भंडारी तकनीकी विवि का मामलाः सुनवाई 5 को

**नैनीताल** । हाईकोर्ट ने वीर माधो सिंह भंडारी तकनीकी विश्वविद्यालय के पांचो कैंपसों में डायरेटर के पदों को सीधी भर्ती से न भरकर डेपूटेशन के माध्यम से भरे जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने अगली सुनवाई हेतु पांच अकटूबर की तिथि नियत की है। कोर्ट ने ऑल इण्डिया काउंसिल फ ॉर टेकनिकल एज्यूकेशन एआईसीटी से पूछा है कि जब यह पद नियमों के अनुसार सीधी भर्ती से भरे जाने का प्रावधान है तो अब इसे डेपुटेशन के माध्यम से कैसे भरे जा रहे है, आने वाली तिथि को स्थिति से अवगत कराएं।

### कुविविः वार्षिक सुधार परीक्षा का रिजल्ट घोषित

**नैनीताल** । कुमाऊं विवि के उप परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि विवि के शैक्षणिक वर्ष 2026 में पंजीकृत छात्र-छात्राओं का वार्षिक सुधार परीक्षा का रिजल्ट बुधवार को घोषित कर दिया है। उन्होंने बताया कि इसके तहत बीए तृतीय वर्ष,बीएससी तृतीय वर्ष व बीकाम तृतीय वर्ष (सभी वार्षिक मोड)के रिजल्ट घोषित किये गए हैं। बताया कि कतिपय ऐसे छात्र-छात्राएं जिनका परीक्षा आवेदन पत्र व शुल्क विवि को ऑनलाईन माध्यम से प्राप्त नहीं हुआ है उनका रिजल्ट विवि प्रशासन ने रोका है।

### प्रो.बिष्ट के अल्मोड़ा विवि के प्रभारी वीसी बने



**नैनीताल** । कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) ने सोबन सिंह जीना विवि अल्मोड़ा के निदेशक व भौतिकी विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट को राज्यपाल की ओर से कार्यवाहक कुलपति बनाए जाने पर खुशी जताई है। कूटा के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी समेत कूटा परिवार तथा एलुमनी सेल की ओर से प्रो.बिष्ट को बधाई देते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### युवाओं को स्वरोजगार से जोडने़ हेतु सरकार प्रयासरतःडा.आर्य



**नैनीताल** । भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य डा.भुवन चंद्र आर्य ने बुधवार को नैनीताल विधान सभा के तहत भीमताल विकास खंड के खुर्पाताल गांव में स्थानीय युवाओं से मुलाकात कर उन्हें डबल इंजन सरकार की ओर से चलायी जा रही विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने को कहा। डा.आर्य ने कहा कि सरकार का पूरा फोकस वर्तमान में युवा पीढ़ी पर ही अधिक है। कहा कि बेरोजगारी के इस दौर में बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोडने़ के लिए सरकार ने कई योजनाएं बनायी हैं। इस मौके पर हेम आर्य, संजय कुमार, उमा शंकर, जतिन कुमार, नंदन कुमार, शशांक सिंह व महेंद्र सिंह कनवाल आदि मौजूद रहे।

### जागेश्वर धाम में बंदरों का उत्पात, श्रद्धालु भयभीत

**अल्मोड़ा**। जागेश्वर धाम में बंदरों का उत्पात बढ़ने से श्रद्धालुओं की परेशानी बढ़ गई है। मंदिर परिसर में दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं पर बंदरों के झपटने और काटने का खतरा बना हुआ है। प्रसाद लेकर मंदिर जाने वाली महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। महामंडलेश्वर एवं धाम के मुख्य पुजारी कैलाशानंद महाराज ने जिलाधिकारी और वन विभाग से समस्या के समाधान की मांग की है। वन क्षेत्राधिकारी राजेश जोशी ने बताया कि बंदरों को पकड़ने के लिए कर्मचारी की तैनाती कर पिंजरा लगवाने की जल्द उचित कार्रवाई की जाएगी।

## नंदा सुनंदा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ महोत्सव का समापन

भवाली

हमारे संवाददाता

भवाली में मां नंदा सुनंदा की मूर्तियों का शिप्रा नदी में देर शाम विसर्जन के साथ ही आठ दिवस से ही ननंदा सुनंदा की मूर्तियों के चित्र में विशेषण के साथ समाप्त हुआ।

बता दें आज सुबह ब्रह्म मुहूर्त में देवी की विशेष पूजा अर्चना भोग के बाद दर्शनार्थियों ने देवी के दर्शन किए, दोपहर में देवी के विशेष पूजा और भोग के बाद नंदा देवी का डोला परंपरागत पहाड़ी नृत्य वाद्य यंत्रों और माता के जयकारों के साथ मंदिर से शुरू होकर रानीखेत रोड नैनीताल रोड नगर के बाजारों से मल्ली बाजार घोड़ाखाल रोड श्यामखेत से रामगढ़ रोड होते हुए रामगढ़ रोड चौराहे के पास शिप्रा नदी में देवि की नंदा सुनंदा की मोतियों का भावपूर्ण भावपूर्ण विसर्जन कर दिया गया।इसमें परंपरा परंपरागत वेशभूषा में बड़ी संखया में महिलाएं व पुरुष और नौजवान उपस्थित थे। विसर्जन के साथ ही भक्ति उल्लास से शांति पूर्वक समापन हो गया। इस दौरान नंदा देवी महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष मनीष शाह समेत राजेंद्र कपिल, पंडित मोहन कपिल, दीपू कपिल, पंकज कपिल, इंद्र कपिल, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष बालम मेहरा, विश्व हिंदू परिषद के खजान भट्ट, मोहन भट्ट, लव जोशी, गणेश पंत, अभिषेक मेहता, हरीश, हेम आर्य, प्रकाश आर्य, सुजान रजवार, आशु चंदोला, आदित्य बोरा, डॉ प्रगति जैन, वर्षा आर्य, उमा, गंगा सिजवाली, प्रभा कांडपाल, राज बिष्ट ,अनुष्का बिष्ट, तनुजा वगडवाल, हेमा जोशी, डॉ उषा तिवारी व शाहिद आदि भक्त उपस्थित थे।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## जनसांख्यिकी में बदलाव

*आधुनिक युग में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शोध के बाद मनुष्य ने सत्य को झुठलाने का प्रयास किया है। जन्म को बाधित करने से जनसांख्यिकी में बदलाव हुआ है। पूरे विश्व में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की संख्या में गिरावट और 65 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों की तादाद में बढ़ोतरी हुई है। आर्थिक दृष्टि से वृद्धों को बोझ समझा जाने लगा है। बच्चों की संख्या कम होने पर भी चिंता जताई जा रही है। सच यह है कि जन्म और मृत्यु पर मानव का नियंत्रण नहीं है। जनसांख्यिकी में परिवर्तन की सतत प्रक्रिया है।*

सच और झूठ को लेकर मतभेद हमेशा रहा है। दार्शनिकों के अनुसार जन्म और मृत्यु शाश्वत सत्य है। आधुनिक युग में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शोध के बाद मनुष्य ने सत्य को झुठलाने का प्रयास किया है। जन्म को बाधित करने से जनसांख्यिकी में बदलाव हुआ है। पूरे विश्व में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की संख्या में गिरावट और 65 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों की तादाद में बढ़ोतरी हुई है। आर्थिक दृष्टि से वृद्धों को बोझ समझा जाने लगा है। बच्चों की संख्या कम होने पर भी चिंता जताई जा रही है। सच यह है कि जन्म और मृत्यु पर मानव का नियंत्रण नहीं है। जनसांख्यिकी में परिवर्तन की सतत प्रक्रिया है। कुछ वर्ष पहले चीन की आबादी दुनिया में सर्वाधिक थी। चीन ने दम्पति से एक बच्चा पैदा करने का नियम बनाया। जनसंख्या पर नियंत्रण हो गया। भारत ने परिवार नियोजन के तहत 'हम दो हमारे दो' का नियम लागू किया। काफी हद तक जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगी, लेकिन अब भारत ने आबादी के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया और सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश हो गया है। उधर चीन ने जनसंख्या बढ़ाने की नीति पर अमल करना शुरू किया है। दरअसल चीन ने जनसंख्या को बोझ नहीं माना। रोजगार के जरिये दुनिया के बाजार को चीन निर्मित सामान से भर कर सम्पन्न हो गया। विशेषज्ञों का कहना है कि हर मनुष्य के एक मुंह होता है और काम करने के लिए दो हाथ होते हैं। भारत में युवाओं को रोजगार के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। युवाओं को योग्यता और क्षमता के अनुसार रोजगार देकर ऊर्जा का देश की उन्नति में सदुपयोग किया जाना चाहिए। बुजुर्गों के अनुभव का उपयोग करने की जरूरत है। बुजुर्गों की संख्या अधिक होने पर नकारात्मक मानसिकता वाले आशंका प्रकट कर रहे हैं कि बुजुर्गों को पेंशन और चिकित्सा का खर्च देश की अर्थव्यवस्था पर विपरीत असर डालेगा, जबकि यह गलत है। अनेक उदाहरण हैं कि दिव्यांग ने भी शारीरिक रूप से सक्षम की तुलना में सफलता प्राप्त की। सेवानिवृत्त व्यक्तियों ने निजी प्रयास से समाज सुधार में योगदान दिया। युवाओं के जोश और वृद्धों के होश से देश को समृद्धि तथा हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता मिल सकती है। सरकार को वृद्धों के अनुभव का उपयोग करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर योजना बनाकर महानगरों से लेकर ग्रामीण स्तर तक लागू करनी चाहिए। उच्च शिक्षित से लेकर कम पढ़े-लिखे बुजुर्गों के अनुभव का लाभ उठाने की जरूरत है।

# बेहड़ को थप्पड़ मामले पर कांग्रेस में आक्रोश

## भाजपा सरकार का पुतला फूंका, कहा- प्रशासन विपक्षी नेताओं का उत्पीड़न कर रहा

यूएस नगर

हमारे संवाददाता

किच्छा में कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ के साथ हुई हाथापाई और थप्पड़ मारने की घटना के विरोध में बुधवार को खटीमा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौक पर भाजपा सरकार का पुतला फूंका।

किच्छा में कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ के साथ हुई हाथापाई और थप्पड़ मारने की घटना के विरोध में बुधवार को खटीमा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौक पर भाजपा सरकार का पुतला फूंका। आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि जनप्रतिनिधि के साथ इस प्रकार की घटना लोकतांत्रिक मूल्यों और जनतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध है। लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों का सम्मान और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार व प्रशासन की जिम्मेदारी है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण में लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ की जा रही ऐसी गुंडागर्दी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने किच्छा की घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। वहां पर कांग्रेस प्रदेश सचिव देवेंद्र कन्याल, उमेश राठौर, अमन अरोरा, नासिर खान, फहीम अंसारी, मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद ताहिर, अरविंद कुमार, नरेंद्र आर्य, नीरज सिंह कन्याल, राजकिशोर सक्सेना, अनिल विश्वकर्मा, जगदीश चंद आदि थे।



### दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**पिथौरागढ़।** किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के साथ हुई अभद्रता के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को राज्य सरकार और ऊधमसिंह नगर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। नगर अध्यक्ष दीपक धानिक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घटना की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के दबाव में प्रशासन विपक्षी नेताओं का उत्पीड़न कर रहा है। प्रदर्शन में मनोज टम्टा, मुकेश रावल, गणेश रावल, सुरेश पांडा, हयात सिंह बोरा, सोनू आर्य समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार कार का कहर, स्कूटी सवार दंपति को रौंदकर भागा चालक

**हल्द्वानी।** शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर सामने आया। भोटियापड़ाव क्षेत्र में देर रात तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार दंपति को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके पर रुके बिना फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को बेस अस्पताल पहुंचाया। मामले में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

किदवई नगर निवासी आजम हुसैन सिद्दीकी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 अगस्त की देर रात वह पत्नी लाव्या के साथ स्कूटी से घर लौट रहे थे। दोनों तनिष्क शोरूम के समीप भोटियापड़ाव चौकी के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पति-पत्नी सड़क पर जा गिरे। आसपास के लोग मौके पर जुट गए।

# पार्षद राजेंद्र जीना को अंतरिम राहत, सदस्यता रद्द करने वाले जिला जज के आदेश पर रोक

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

वार्ड नंबर-9 की पार्षदी अब सीधे सुप्रीम कोर्ट के कानूनी मोर्चे पर पहुंच गई है। सदस्यता रद्द होने के बाद मुश्किल में आए पार्षद राजेंद्र जीना को शीर्ष अदालत से फिलहाल बड़ी राहत मिल गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने नैनीताल जिला न्यायाधीश के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी, जिसके तहत जीना की सदस्यता रद्द कर वार्ड की सीट रिक्त घोषित की गई थी। आदेश के साथ ही फिलहाल पार्षद की कुर्सी बची हुई है, लेकिन इस कानूनी जंग का अंतिम फैसला अभी बाकी है।

22 सितंबर को न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने मामले की सुनवाई की। अदालत ने शिकायतकर्ता गिरीश नैनवाल समेत निर्वाचन आयोग, जिला निर्वाचन अधिकारी और संबंधित नगर निकाय अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई संभावित रूप से 6 नवंबर 2026 को होगी। मामले की शुरुआत नामांकन पत्र में कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान दर्ज कुछ मामलों की जानकारी नहीं दिए जाने के आरोप से हुई। शिकायतकर्ता की ओर से आरोप लगाया गया कि नामांकन पत्र में महत्वपूर्ण जानकारी का खुलासा नहीं किया गया।

वहीं राजेंद्र जीना की ओर से पक्ष रखा गया कि कोविड काल में दर्ज छोटे मामलों को वापस लेने के संबंध में शासनादेश जारी किया गया था। उनका कहना था कि संबंधित मामलों के समन की जानकारी उन्हें नहीं थी, जिसके चलते नामांकन पत्र में इनका उल्लेख नहीं हो सका।

### जिला अदालत से सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा मामला

गिरीश नैनवाल की याचिका पर नैनीताल के जिला न्यायाधीश ने 20 जून 2026 को जीना की सदस्यता रद्द करते हुए वार्ड नंबर-9 की सीट रिक्त घोषित कर दी थी। इसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा।

हाईकोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया को अपील के परिणाम के अधीन रखा था। इसके बाद जीना ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। अब शीर्ष अदालत की अंतरिम रोक से जिला अदालत के आदेश का तत्काल प्रभाव थम गया है।

हालांकि कुर्सी पर अंतिम मुहर अभी नहीं लगी है। अगली सुनवाई में संबंधित पक्षों के जवाब और अदालत के आगे के आदेश से तस्वीर साफ होगी।

**नोटिस**

- सुप्रीम कोर्ट में खुला वार्ड-9 का कानूनी मोर्चा, विरोधी पक्षों को नोटिस

# 25 को रामलीला 2026 का ध्वज स्थापना

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

प्राचीन श्री रामलीला कमेटी संचालन समिति 2026 की बैठक आज रामलीला मैदान हल्द्वानी में हुई जिसमें रिसीवर संरक्षक सिटी मजिस्ट्रेट ए पी वाजपेई के नेतृत्व में चर्चा वार्ता हुई।

कमेटी के व्यास पंडित गोपाल दत्त शास्त्री जी ने बताया कि 25 सितंबर को प्रातः 9:00 बजे स्थापना होगी एवं 7 तारीख अक्टूबर को गणेश पूजन के साथ रामलीला का शुभारंभ होगा और हल्द्वानी की पहचान बन चुकी है हल्द्वानी की श्री राम बारात यह 11 अक्टूबर को होगी। पिछले चार वर्षों से राम बारात का आयोजन कर रही रामलीला कमेटी की सहयोगी संस्था प्राचीन शिव सेवा समिति के आग्रह पर पुनः राम बारात की सेवा का आयोजन अवसर देने के लिए आमंत्रित किया।

बैठक में मुख्य रूप से रिसीवर संरक्षक एपी बाजपेई, वेद प्रकाश अग्रवाल बिदेश गुप्ता मनोज गुप्ता तनुज गुप्ता विवेक कश्यप राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना भवानी शंकर नीरज भोलानाथ केसरवानी रूपेंद्र नागर बसंत अग्रवाल रितेश पांडे टीनू पंकज कपूर प्रदीप जेनोटी प्राचीन शिव सेवा समिति की तरफ से हरिमोहन अरोड़ा धर्मेंद्र गुप्ता अनु अग्रवाल शिव कपूर पंकज गुब्बर राजेश जायसवाल पदम पाल सुनील गुप्ता पंडित विवेक शर्मा अमित असवानी आदि लोग उपस्थित रहे।



# फिल्मी दुनिया

## कैटरीना कैफ की ट्रोलिंग पर भड़कीं परिणीति चोपड़ा





*प्रेग्नेंसी के बाद बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीन कैफ की बॉडी में आए बदलावों के बाद उन्हें कुछ लोगों ने ट्रोल किया था। अब इन ट्रोलिंग्स को लेकर एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने कड़ा बयान दिया है। हाल ही में कटरीना कैफ के लिए एक आम सी आउटिंग बहुत खास बन गई। प्रेग्नेंसी के बाद उनके शरीर में आए बदलावों को लेकर कई यूजर्स ने उन्हें ट्रोल किया। हालांकि अभिनेत्री ने इस पर कुछ नहीं कहा लेकिन उनके फैंस और सेलेब्स उनके बचाव में आगे आए हैं। अब एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने भी उनका समर्थन किया है।*

*अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने बेटे के जन्म के बाद कैटरीना कैफ के लुक को लेकर हुई ऑनलाइन ट्रोलिंग पर उनका समर्थन किया है। पीटीआई से बातचीत में परिणीति ने कहा, जब कोई महिला के डिलीवरी के बाद शरीर पर कमेंट करता है, तो मुझे यह अनपढ़ सोच लगती है। जैसे आप बाल कटवाते हैं, तो आपके बाल छोटे हो जाते हैं। आप छुट्टी मनाने जाते हैं तो वापस आने पर आपकी स्किन टैन हो जाती है। आप जिम जाते हैं तो आपके एब्स बनते हैं। आपने अपने शरीर के साथ जो किया है, उसका असर नजर आता है और इन सभी चीजों को सेलिब्रेट किया जाता है। परिणीति ने पिछले साल अक्टूबर में अपने बेटे को जन्म दिया था। उन्होंने यह भी बताया कि वह जानबूझकर सोशल मीडिया से दूर रहती हैं, ताकि नकारात्मकता और ट्रोलिंग से बच सकें।*

### इसमें नेगेटिव क्या है?

*उन्होंने आगे कहा, लेकिन जब आप एक इंसान को जन्म देते हैं, एक बच्चे को दुनिया में लाते हैं, तो शरीर पर उसका निशान क्यों नहीं सेलिब्रेट किया जाता? इसमें नेगेटिव क्या है? मैं किसी महिला को देखकर कहूंगी, 'ओह माय गॉड, मैं स्ट्रेच मार्क देख पा रही हूं। क्या आपने बच्चे को जन्म दिया है? यह तो बहुत खूबसूरत बात है। आपका बच्चा कैसा है?' मैं किसी महिला को इसी नजरिए से देखूंगी।*

## News कॉर्नर

### शटर तोड़कर चोरी, 90 हजार की नकदी और बोतलें लेकर चोर फरार



**काशीपुर।** काशीपुर हाईवे स्थित दोराहा में चोरों ने अंग्रेजी शराब की दुकान का शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान से करीब 90 हजार रुपये की नकदी और शराब की बोतलें लेकर फरार हो गए। घटना का पता सुबह दुकान खोलने पर चला।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। दुकान संचालक ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### फर्जी प्रमाण पत्र बनाने का खुलासा: चार महिलाओं समेत नौ के खिलाफ प्राथमिकी

**बाजपुर।** बाजपुर में कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर स्थाई और जाति प्रमाण पत्र बनाने के मामले में पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इनमें चार महिलाएं भी शामिल हैं।

बताया जा रहा है कि जुलाई माह में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लोगों से मोटी रकम लेकर स्थाई और जाति प्रमाण पत्र बनाए जा रहे थे। मामले का खुलासा होने पर एडीएम पंकज उपाध्याय के निर्देशन में बुधवार देर रात तक तहसील में जांच-पड़ताल चली ।सीओ अखलेश कुमार ने बताया कि तहसील के राजस्व निरीक्षक अजमल खान की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में चार महिलाओं सहित नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# मजदूर वर्ग देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला: सुमित हृदयेश

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनोज पंत एवं जिला महामंत्री रोहित भट्ट ने आज हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश से शिष्टाचार भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक सुमित हृदयेश ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत और अभिनंदन किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि मजदूर वर्ग देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला है। श्रमिकों के अधिकारों, सम्मान और हितों की



रक्षा के लिए संगठित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इंटक के नवनियुक्त पदाधिकारी श्रमिकों की समस्याओं को मजबूती से उठाते हुए उनके समाधान के लिए निरंतर कार्य करेंगे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनोज पंत एवं जिला महामंत्री रोहित भट्ट ने विधायक सुमित हृदयेश का आभार व्यक्त करते

**स्वागत**

- नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत

हुए कहा कि श्रमिकों की आवाज को मजबूती से उठाना, उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करना और संगठन को जिले के प्रत्येक श्रमिक तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि संगठन को सक्रिय और मजबूत बनाने के लिए सभी श्रमिक संगठनों एवं साथियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाएगा। इस दौरान दीप चंद्र पाठक, विनय अग्रवाल, हिमांशु जोशी, हरभजन भुल्लर, रवि बिष्ट, रोहित मिश्रा, गिरीश पांडे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जगदम्बा नगर में 30 लड़कों का जनरल स्टोर में तोड़फोड़, महिलाओं-बच्चों से भी अभद्रता

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

जगदम्बा नगर में बुधवार रात अचानक मचे बवाल से इलाके में हड़कंप मच गया। आरोप है कि 25 से 30 लड़के हल्ला करते हुए एक जनरल स्टोर में घुस गए और जमकर तोड़फोड़ व मारपीट की। दुकान में सामान इधर-उधर फेंकने के साथ ही आरोपियों ने वहां मौजूद महिलाओं और बच्चों से भी अभद्रता की। सड़क पर मौजूद लोगों और दुकान पर सामान लेने पहुंचे पड़ोसियों के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है।

घटना जोशी जनरल स्टोर, मैसुल भवन, जगदम्बा नगर की बताई गई है। दुकान संचालक बिपिन चन्द्र जोशी, पुत्र जय दत्त जोशी, निवासी जगदम्बा नगर, भोटिया पड़ाव ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 23 सितंबर की रात करीब 8:45 बजे 25-30 युवक शोर मचाते हुए उनकी दुकान में घुस आए।

तहरीर के मुताबिक युवकों ने दुकान के भीतर तोड़फोड़ शुरू कर दी और सामान इधर-उधर फेंक दिया। विरोध



करने पर मारपीट की गई। दुकान पर सामान लेने पहुंचे पड़ोसियों को भी कथित तौर पर निशाना बनाया गया। आरोप है कि सड़क पर मौजूद लोगों के साथ भी मारपीट की गई।

पीड़ित के मुताबिक हमलावरों ने दुकान की तरफ ईंट-पत्थर और भारी सामान भी फेंका। इस दौरान मौके पर मौजूद महिलाओं और बच्चों के साथ मारपीट व अभद्रता किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात 25-30 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर की नकल कांस्टेबल अंकुर गोस्वामी ने सीसीटीएनएस सॉफ्टवेयर पर दर्ज की। पुलिस अब हमले के पीछे की वजह और आरोपियों की पहचान जुटाने में लगी है। घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बरेली के युवक को अज्ञात वाहन ने मारी थी टक्कर, 20 दिन मुकदमा, अब तोड़ा दम

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

रामपुर रोड पर ओमकार होटल के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर ने बरेली के एक युवक की जिंदगी छीन ली। सड़क पर गंभीर हालत में मिले युवक को उपचार के लिए डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों की कोशिशें उसे नहीं बचा सकीं। हादसा 25 अप्रैल का है, जबकि परिजनों की ओर से 15 मई को तहरीर दिए जाने के बाद अब कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

तहसील बहेड़ी, जिला बरेली के गांव गैजरपुर निवासी विशाल पुत्र कन्है लाल 25 अप्रैल को रामपुर रोड से गुजर रहे थे। ओमकार होटल के पास पहुंचते ही किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। सूचना मिलने पर उन्हें उपचार के लिए डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने इलाज शुरू किया, लेकिन हालत बिगड़ने पर आखिरकार विशाल ने दम तोड़ दिया। मृतक के ससुर वेद प्रकाश पुत्र भेम चन्द्र निवासी सिंगोली, बहेड़ी, बरेली ने पुलिस को बताया कि हादसे के समय वह व्यस्त थे, जिसके चलते तत्काल एफआईआर दर्ज नहीं करा सके। बाद में उन्होंने कोतवाली हल्द्वानी पहुंचकर तहरीर दी और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### कैमरों में तलाशा जा रहा मौत का वाहन

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक मनोज कुमार को सौंपी गई है। पुलिस अब घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फुटेज के जरिए अज्ञात वाहन की पहचान और फरार चालक तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

# गन्ना सेंटर पर रफ्तार का कहर, पिकअप ने छीनी 22 साल के युवक की जिंदगी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

गन्ना सेंटर के पास तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर ने एक परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। बाइक से हल्द्वानी लौट रहे युवक को विपरीत दिशा से आई पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं सके।

मृतक अपने परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था। उसकी मौत से बूढ़ी मां, पत्नी और पांच साल की बेटी के सामने जिंदगी का संकट खड़ा हो गया है। रामपुर रोड गली नंबर-8, वार्ड-17 निवासी रचित पुत्र सुरेश को मोटरसाइकिल संख्या यूके 04 ए-जी-4055 से गदरपुर से हल्द्वानी की ओर आ रहा था। वह गन्ना सेंटर के पास पहुंचा ही था कि सामने से आ रही पिकअप संख्या यूके06सी ए-8980 ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रचित गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और

**दुखद**

- बाइक को सामने से मारी जोरदार टक्कर, परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था रचित, मां, पत्नी और पांच साल की बेटी बेसहारा

घायल को तत्काल सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसे की सूचना परिवार तक मोबाइल के जरिए पहुंची। रचित के भाई आशीष सक्सेना, निवासी धान मिल, बरेली रोड, ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। परिवार के मुताबिक रचित की मौत से घर की आर्थिक रीढ़ टूट गई है। उसके पीछे बूढ़ी मां, पत्नी और महज पांच साल की बेटी रह गई है।

पुलिस ने पिकअप के नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी के अनुसार मामले की विवेचना उपनिरीक्षक मनोज कुमार को सौंपी गई है। पुलिस हादसे के कारणों और वाहन चालक की भूमिका की जांच कर रही है।

### रास्ते पर दिखा तेंदुआ, तल्ला सल्ट में दहशत

**अल्मोड़ा।** तल्ला सल्ट क्षेत्र में तेंदुओं की दहशत थमने का नाम नहीं ले रही है। बीते मंगलवार को टोटाम में एक साथ तीन तेंदुए दिखाई देने के बाद बुधवार सुबह करीब 6:30 बजे जीवलखाल गांव में फिर तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। जिस समय तेंदुआ गांव की ओर आने वाले रास्ते पर दिखाई दिया, उस समय कुछ बच्चे स्कूल जाने के लिए घरों से निकल चुके थे।

# हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश उपाध्याय को स्थायी न्यायाधीश नियुक्त के प्रस्ताव को स्वीकृति

नई दिल्ली/नैनीताल

हमारे संवाददाता

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 23 सितंबर 2026 को आयोजित अपनी बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उत्तराखंड हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश जस्टिस सुभाष उपाध्याय को स्थायी न्यायाधीश नियुक्त करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

बता दें वर्तमान में उत्तराखंड हाईकोर्ट में अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में सेवा दे रहे जस्टिस सुभाष उपाध्याय को कॉलेजियम की मंजूरी मिलने के बाद अब उनके स्थायी न्यायाधीश बनने की औपचारिक प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। इसे उत्तराखंड के न्यायिक प्रशासन के लिए एक अहम कदम माना जा रहा है। मूल रूप से कुमाऊं मंडल के अल्मोड़ा जिले के तहत सल्ट तहसील के पैतृक निवासी जस्टिस सुभाष उपाध्याय का जन्म 12 दिसंबर 1972 को हुआ था। लखनऊ विश्वविद्यालय से बीएससी, एलएलबी और एमएसडबल्यू की शिक्षा पूर्ण करने के बाद उन्होंने वर्ष 1998 में वकालत की शुरुआत की। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ तथा उत्तराखंड राज्य गठन के बाद नैनीताल हाईकोर्ट में सिविल, संवैधानिक व सेवा मामलों में लंबे समय तक प्रैटिस करने के दौरान वे राज्य के मुखय स्थायी वकील सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। तत्पश्चात 30 मई 2025 को उन्होंने उत्तराखंड हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की थी।

# आरक्षण के समर्थन में गरजा धरना, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

आरक्षण के मुद्दे पर गुरुवार को जिला मुख्यालय में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय धरने के बाद कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा। सभा में वक्ताओं ने आरक्षण को वंचित वर्गों की सामाजिक भागीदारी से जोड़ते हुए विभिन्न मांगें उठाईं।

धरने का नेतृत्व भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष नबी अहमद खान और आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र बेरी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव राज्य अहमद ने की, जबकि संचालन सुलेमान मलिक ने किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा




कि संविधान समानता और समान अवसर की व्यवस्था करता है, लेकिन उनके अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, महिलाओं और अन्य वंचित वर्गों को शिक्षा, रोजगार, राजनीति और न्यायपालिका में अपेक्षित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है। वक्ताओं ने कहा कि उनके नजरिए में आरक्षण खैरात नहीं, बल्कि सामाजिक भेदभाव दूर करने का संवैधानिक प्रावधान है।

ज्ञापन में रखीं प्रदर्शनकारियों ने महिला आरक्षण में 50 प्रतिशत आरक्षण और कोटे के भीतर कोटा लागू करने, ओबीसी की जातिगत जनगणना कराने, उच्च न्यायपालिका में कॉलेजियम व्यवस्था में बदलाव कर एससी, एसटी और ओबीसी का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की मांग रखी। इसके साथ ही सभी विभागों में खाली बैकलॉग पदों को भरने, लेटरल एंट्री और आउटसोर्सिंग के स्थान पर स्थायी नियुक्तियों को प्राथमिकता देने, निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू करने तथा मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। धरने में नफीस अहमद खान, सिराज अहमद, आफताब आलम, सखावत हुसैन, महेश चंद्र आर्य, जीआर टम्टा, सुंदरलाल बौद्ध, दीपक चनियाल, आरपी गंगोला, आरआर लोहिया, मोइन खान, अनवर अंसारी, इरशाद हुसैन, संतोष आर्य, बालकिशन, जीतराम, संजय कुमार, पंकज अंबेडकर, मदन राम, कन्हैया लाल, कैलाश चंद्र, महेंद्र आर्य, राजू टम्टा, मोहन लाल आर्य, गोविंद राम, फिरोज खान, कमल चंद्र, आकाश भारती, महिपाल टम्टा, दयाल राम, जीआर आर्य, हरि प्रसाद लोहिया, नवीन मूलनिवासी, पीआर टम्टा, रमेश चंद्र, जगदीश प्रसाद, हरि राम, राहुल कुमार, खीम चंद्र और बिजनेश गौतम समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।